तापमान

अधिकतम 35 .5 डिग्री
न्यूनतम 23 .4 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, गुरुवार, 17 जुलाई 2025

12 400 से ज्यादा स्कूलों में शैक्षिक गतिविधियां रही बंद



12 डिप्टी डीईओ ने दो स्कूलों का किया औचक निरीक्षण



## खबर संक्षेप

### इग्नू में री-रजिस्ट्रेशन की तिथि 31 तक बढ़ी

**करनाल।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विवि (इग्नू) ने जुलाई 2025 सत्र के लिए नए दाखिले और री-रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 15 से बढ़ाकर अब 31 जुलाई की है। जानकारी इग्नू क्षेत्रीय केंद्र करनाल के निदेशक डॉ. धर्म पाल ने दी। विद्यार्थी ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग तथा ऑनलाइन मोड के तहत उपलब्ध कोर्सों में नामांकन कर सकते हैं। पंजीकरण के लिए विद्यार्थियों को पहले एबीसी आइडी के माध्यम से डीइब आइडी बनाना अनिवार्य है। डॉ. धर्म पाल ने बताया कि बी कीपिंग, ऑर्गेनिक फार्मिंग जैसे व्यावहारिक पाठ्यक्रमों से युवा न केवल रोजगार प्राप्त कर सकते हैं, बल्कि उद्यमी भी बन सकते हैं।

### चोरी के मामले में चार आरोपी गिरफ्तार किए

**अंबाला।** तार चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी हर्ष व रवि कुमार को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने पूछताछ के दौरान बतलाया कि वह तार चोरी करके उसे जला कर तांबा कबाड़ी को बेच देते थे। पुलिस ने आरोपी कबाड़ी अमरजीत भी गिरफ्तार किया। आरोपियों ने थाना मुलाना के अतिरिक्त थाना पंजोखरा व नारायणगढ़ क्षेत्रों से भी तार चोरी की कई वारदातों को अंजाम दिया है। रामनाथ ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपियों ने गांव तलहेड़ी गुजरान में उसके ट्यूबवेल से तांबा तार चोरी की है।

### राजमिस्त्री ने स्टेशन पर फंदा लगाकर दी जान

**अंबाला।** अंबाला शहर के रेलवे स्टेशन पर एक व्यक्ति ने फंदा लगाकर जान दे दी। मृतक की पहचान 40 वर्षीय अंबाला छावनी के जसपाल के रूप में हुई है। बुधवार सुबह 6:30 बजे के करीब जीआरपी को पता चला कि एक व्यक्ति ने स्टेशन के अंतिम कोने में कपड़े से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है। सूचना मिलते ही टीम मौके पर पहुंची और शव को फंदे से उतारा। मृतक मुख्य रूप से कुरुक्षेत्र के पेहवा का रहने वाला था। अंबाला छावनी में वह अपनी ससुराल में रहता था। व्यक्ति मिलिट्री इंजीनियरिंग सर्विस में भी बतौर राजमिस्त्री काम करता था।

### ट्रैक क्रॉस करते युवक की ट्रेन से कटकर मौत

**पानीपत।** पानीपत के सिकंदरपुर गांव के पास रेलवे ट्रैक क्रॉस करते वक्त 19 वर्षीय रमन कुमार पुत्र हरि शंकर प्रसाद की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। जीआरपी ने रमन ने पोस्टमॉर्टम के बाद रमन का शव उसके परिजनों को सौंप दिया। जीआरपी की जांच में पता चला कि रमन फौज में जाने की तैयारी कर रहा था।

### नाले की सफाई के दौरान सड़ा-गला शव बरामद

**पानीपत।** गंगाराम कालोनी में नाले की सफाई के दौरान करीब चालीस वर्षीय राम शरण का निवासी हरीनगर, कच्ची फाटक क्षेत्र का शव मिला है। पुलिस ने जांच के बाद शव का पंचनामा भरा और पोस्टमार्टम के लिए पानीपत के सिविल अस्पताल भिजवा दिया है। राम शरण की मौत कैसे हुई इसके लिए पुलिस फोरेंसिक एक्सपर्ट डॉक्टर से शव का पोस्टमार्टम करवाएगी। रामशरण कई दिनों से लापता था। अब नाले में उसका सडा गला शव मिला है। परिजनों ने कपडों से मृतक की शिनाख्त की है।

### फंदे पर लटका मिला नवविवाहिता का शव

**पानीपत।** गांव निंबरी में नवविवाहिता 24 वर्षीय पूजा पत्नी मिंटू ने ससुराल में पंखे पर बंधे फंदे पर लट कर आत्महत्या कर ली। पूजा के भाई सुनील निवासी खटीक बस्ती, पानीपत ने आरोप लगाया है कि उनकी बहन की हत्या कर शव को फंदे पर लटकाया गया है। पुलिस ने जांच के बाद पूजा के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए पानीपत के सिविल अस्पताल भिजवा कर इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

### बदली जाएंगी खराब केबल, ट्रांसफार्मरों की बढ़ाई जा रही क्षमता

# बिजली का संकट होगा खत्म, व्यवस्था में सुधार के लिए 113 करोड़ होंगे खर्च

### ऊर्जा मंत्री विज के आदेश के बाद बिजली निगम की कवायद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



नागरिकों को बिजली की बेहतर सुविधा मिले इसको लेकर उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम की ओर से कार्रवाई शुरू कर दी है।

■ निगम की ओर से मजबूत की जा रही है बिजली व्यवस्था

ऊर्जा मंत्री अनिल विज के आदेश पर निगम की ओर से बिजली व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए 113 करोड़ रुपए के खर्च का एस्टीमेट बनाया गया है।

इस पैसे से पुराने और खराब तारों को बदला जाएगा, ट्रांसफॉर्मर की क्षमता बढ़ाई जाएगी और जिन इलाकों में बिजली का ज्यादा लोड है, वहां फीडर को अलग किया जाएगा ताकि सप्लाई बेहतर हो सके। एस्टीमेट तहत अंबाला शहर डिविजन में बिजली व्यवस्था को मजबूत बनाने पर 35 करोड़, अंबाला कैंट डिविजन में 38 करोड़ और नारायणगढ़ डिविजन में 40 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। पूरी योजना पर करीब 100 करोड़ का बजट खर्च होगा।

अंबाला छावनी डिविजन में करीब 38 करोड़ का प्रोजेक्ट तैयार हो गया है जबकि शहर व नारायणगढ़ डिविजन के प्रोजेक्ट पर कार्य चल रहा है। जिले में ऐसे कई फीडर हैं जिन पर बिजली का ज्यादा लोड है। ऐसे फीडरों को बिजली निगम की ओर से अलग किया जाएगा।

#### नए फीडर पर होगा लोड

गर्मी के सीजन बिजली की समस्या को लेकर इस बार ज्यादा हल्ला नहीं हुआ। मगर आने वाले दिनों में निगम की ओर से छोटी छोटी समस्याओं का समाधान करने की बात कही जा रही है। योजना के तहत ओवरलोड फीडरों का आधा लोड दूसरे नए फीडर पर डाला जाएगा। अब निगम और कार्य करने वाली एजेंसी की ओर से फील्ड में संयुक्त रूप सर्वे किया जाएगा। कई जगहों पर एचटी व एलटी पुरानी व बड़ी लाइन की जर्जर तारों क कारण बिजली प्रभावित होती है।

अब इन जगहों को बिजली निगम चिह्नित करेगा। इन जगहों से तारों को बदलने का कार्य किया जाएगा। साथ ही ओवरलोड होने वाले छोटे ट्रांसफॉर्मर की क्षमता भी बढ़ाई जाएगी। निगम अधिकारियों ने बताया कि अंबाला सर्कल के शहर, छावनी व नारायणगढ़ डिविजन में करीब 100 करोड़ की लागत से पुरानी जर्जर तारों को बदलने के साथ ही ट्रांसफॉर्मर की क्षमता बढ़ाई जाएगी। साथ ही फीडर को भी अलग किया जाएगा। अधिकारियों का कहना है कि सभी गांवों में जर्जर लाइनों को बदला जा रहा है। पुराने फीडरों का लोड कम किया जा रहा है ताकि ग्रामीणों को पर्याप्त बिजली मिल सके।

मंत्री अनिल विज पहले ही अधिकारियों को आदेश दे चुके हैं कि कहीं पर बिजली का संकट नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार के पास पैसे की कमी नहीं है। जहां जरुरत होगी वहां पर पैसा खर्च किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को भी इस मामले में कतई लापरवाही न बरतने के आदेश दिए हैं।

#### » गांवों में भी काम

ग्रामीण एरिया में भी बिजली व्यवस्था को मजबूत करने की योजना पर काम चल रहा है। अभी नारायणगढ़, शहजादपुर, बराड़ा व मुलाना कस्बे में ऐसे कई गांव हैं जिनमें अभी तक बिजली का गंभीर संकट है। निगम अधिकारियों की मानें तो आने वाले दिनों में इन गांवों से भी बिजली का संकट पूरी तरह से खत्म हो जाएगा।

## पश्चिमी यमुना नहर में दो युवतियों ने लगाई छलांग



इंद्री। पश्चिमी यमुना नहर पर परिजनों से जानकारी लेते गोताखोर प्रगट सिंह ।

■ गोताखोर प्रगट सिंह ने मौके पर पहुंच कर नहर में चलाया सर्च अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री

इंद्री के पास से गुजर रही पश्चिमी यमुना नहर के पुल के नजदीक दो चचेरी बहनों निशा (26) और रीना (23) ने संदिग्ध परिस्थितियों में पश्चिमी यमुना नहर में छलांग लगा दी।

लोगों ने जैसे ही युवतियों को नहर में डूबते देखा तो दोनों युवतियों की तलाश शुरू कर दी लेकिन पानी का तेज बहाव होने के कारण युवतियों का पता नहीं चल सका। कुरुक्षेत्र के एक गांव की दो चचेरी बहनें भादसों स्थित एक शराब की फैक्ट्री मे काम कर रही थी। बुधवार को दोनों युवतियां इंद्री स्थित पश्चिमी यमुना नहर के पुल के नजदीक पहुंची और अपना मोबाइल व बैग नहर के किनारे रखकर नहर में छलांग लगा दी । थाना प्रभारी विपिन ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची व गोताखोरों को बुलाकर सर्च अभियान शुरू करवाया। अभी तक युवतियों का कोई सुराग नहीं लगा।

#### फैक्ट्री वालों ने नहीं दी युवतियों की जानकारी

रीना के पिता शिवचरण ने बताया कि सूचना मिलते ही वे फैक्ट्री पहुंचे, लेकिन फैक्ट्री वालों ने उन्हें अंदर नहीं जाने दिया। न तो रजिस्टर में एंट्री दिखाई गई और न ही कोई स्पष्ट जवाब दिया गया। फैक्ट्री के लोग कह रहे थे कि दोनों युवतियाँ आई थीं, पर तुरंत चली गईं।

### निगम ने किया 'गलती में सुधार'

## श्मशान घाट को भेजा था तीन लाख का नोटिस

■ व्यवसायिक श्रेणी में डालकर प्रॉपर्टी टैक्स भेज दिया था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर के दुर्गानगर स्थित स्वर्ग आश्रम को नगर निगम की ओर से तीन लाख का प्रॉपर्टी टैक्स भेज दिया था।

निगम ने स्वर्ण आश्रम को व्यवसायिक श्रेणी में डाल दिया था। आश्रम के प्रधान नीरू वढेरा व संस्था के पदाधिकारियों के लिए यह किसी बिजली के झटके से कम नहीं था। नीरू वढेरा ने अपनी टीम के साथ यह मामला तुरंत मेयर शैलजा सचदेवा व मनोनीत निगम सदस्य संदीप सचदेवा के संज्ञान में डाला। उन्होंने मामले की गंभीरता को देखते हुए इसे तुरंत ठीक करने के लिए संबंधित अधिकारियों से बातचीत की। वढेरा द्वारा 10 जुलाई को अपना पक्ष रखते हुए संबंधित दस्तावेज टैक्स ब्रांच में दिए थे। टैक्स ब्रांच द्वारा अपनी गलती को तुरंत मानते हुए नियमों के अनुसार स्वर्ण आश्रम का टैक्स जीरो कर दिया है। प्रधान नीरू वढेरा व उनकी टीम ने मेयर , संदीप सचदेवा व निगम कमिश्नर का आभार जताया है।

### पांच हजार का इनामी बदमाश काबू, कई वारदातें सुलझी

**अंबाला।** थाना बलदेव नगर में दर्ज स्नेचिंग के मामले में सीआईए-1 ने आरोपी राकेश उर्फ राखी उर्फ सोनू को गिरफ्तार किया है। आरोपी पहले भी कई वारदातों को अंजाम दे चुका है। इसमें थाना सेक्टर-9 अंबाला शहर, अंबाला शहर, महेशनगर में छीनाझपटी की वारदातें तथा थाना सदर में अवैध हथियार के मामले में वर्ष-2023 से फरार चल रहा था। आरोपी पर 5 हजार रूपये का इनाम रख हुआ था।

आरोपी को पुलिस ने 4 दिन के रिमांड पर लिया है। इंद्रनगर के दविंद्र कुमार ने 20 जनवरी 2023 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 20 जनवरी 2023 को आरोपी ने उसकी चाची के गले से सोने की चेन छीन ली है।

## प्रदेश की योजनाओं को अन्य राज्य भी अपना रहे : कंवरपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

हरियाणा के पूर्व कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कंवरपाल ने कहा कि प्रदेश सरकार की जनहित योजनाओं का देश के कई अन्य राज्य भी अनुशरण कर रहे हैं। आज हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा सभी वर्गों के कल्याण के लिए विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही हैं। उन्होंने उक्त शब्द बुधवार को जगाधरी में जनसंपर्क के दौरान कहे।

■ पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने गांवों में जनसंपर्क के दौरान जताया दावा

उन्होंने मौके पर अशीम घोष को हरियाणा का नया राज्यपाल बनाए जाने का स्वागत किया।

पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सरकार द्वारा अनुबंधित महिला शिक्षकों और कर्मचारियों को हर महीने एक अतिरिक्त अवकाश देने का निर्णय सराहनीय है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी लगातार जनहितकारी निर्णय लेकर हर जाति वर्ग को खुश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज देश भर के कई राज्य हरियाणा सरकार द्वारा शुरु की गई कई लाभकारी योजनाओं का अनुशरण कर रहे हैं।



यमुनानगर। जगाधरी में जनसंपर्क के दौरान योजनाओं की प्रशंसा करते पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल। *फोटो : हरिभूमि*

#### अशीम घोष को हरियाणा का नया राज्यपाल बनाए जाने का स्वागत

पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने अशीम घोष को हरियाणा का नया राज्यपाल बनाए जाने का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि अशीम घोष सुलझे हुए राजनेता और विद्वान होने के साथ साथ हर क्षेत्र में निपुण हैं। पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने कहा कि महामहिम राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु द्वारा नियुक्त किए गए राज्यपाल अशीम घोष का उनके राजनीतिक अनुभव का लाभ हरियाणा को मिलेगा। भाजपा के जिला अध्यक्ष राजेश सपरा व भाजपा जिला यमुनानगर मीडिया प्रभारी कपिल मनीष गर्ग ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी पूरी मेहनत व सादगी के साथ हरियाणा को देश को अग्रणीय राज्य बनाने में लगे हुए हैं। वर्तमान योजनाओं को कई राज्य भी अपने अपने राज्यों में लागू कर रहे हैं। यही भाजपा सरकार और मुख्यमंत्री सैनी की सबसे बड़ी सफलता है।

## मंदबुद्धि किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

करनाल में 16 वर्षीय मंदबुद्धि और दृष्टिबाधित नाबालिग लडक़ी के साथ छह महीने तक दुष्कर्म किया गया। मामला तब प्रकाश में आया जब जिला बाल कल्याण समिति के चेयरमैन उमेश चानना को नाबालिग लडक़ी को गली में मिट्टी खाते देखा।

पूछताछ में पता चला कि वह न केवल दृष्टिबाधित है बल्कि मानसिक रूप से भी कमजोर है। वह 6 महीने की गर्भवती मिली है। काउंसलिंग के दौरान लडक़ी ने बताया कि पड़ोस के दो-तीन युवक उसके माता-पिता के काम पर जाने के बाद घर में घुसकर उसके साथ दुष्कर्म करते थे। जब माता-पिता को इसकी जानकारी हुई तो आरोपियों और उनके परिजनों ने उन्हें धमकाकर चुप करा दिया।वर्तमान में छह माह की गर्भवती पीड़िता को बाल कल्याण समिति की निगरानी में रखा गया है। चेयरमैन उमेश चानना ने सीएमओ को पत्र लिखकर मेडिकल बोर्ड के गठन की मांग की है, जो गर्भपात या सुरक्षित प्रसव का निर्णय लेगा।

■ जांच में वह 6 महीने की गर्भवती मिली पीड़िता

करनाल सिटी थाना प्रभारी प्रवीन कुमार ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और जल्द ही उनकी गिरफ्तारी की जाएगी। उन्होंने बताया कि जिला बाल कल्याण समिति की चेयरपर्सन की शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार करने की बात कही है।

### मादक पदार्थ तस्कर को कठोर कारावास

**पानीपत।** अतिरिक्त सेशन जज योगेश चौधरी की अदालत ने मादक पदार्थ की तस्करी के आरोपी सद्दाम उर्फ सोनू पुत्र शब्बीर निवासी गांव सिवाह जिला पानीपत को दोषी करार देते हुए तीन साल के कठोर करावास की सजा सुनाई है। जज चौधरी की अदालत ने सद्दाम पर 50 हजार का जुर्माना भी किया है। वहीं जुर्माना नहीं देने पर सद्दाम को एक साल का अतरिक्त कारावास भोगना हो। वहीं सद्दाम ने एक लाख का जुर्मान कोर्ट में जमा नहीं किया है।

इसके चलते दोषी सद्दाम को एक साल की सजा अतिरिक्त भुगतनी कुल चार साल की कैद भोगनी होगी। डिप्टी डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी कुलदीप ढुल ने बताया कि पानीपत पुलिस की सीआईए थ्री ने सद्दाम को 1 किलो 680 ग्राम नशीला पदार्थ गांजा के साथ गिरफ्तार किया था। वहीं, सीआईए थ्री में तैनात एएसआई कृष्ण कुमार की शिकायत पर 22 अप्रैल सन-2019 को सद्दाम के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया था।

## युवक ने किशोरी का यौन शोषण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

रादौर थाना क्षेत्र में एक युवक ने नाबालिग लड़की के साथ शादी से पहले अवैध संबंध बनाकर उसे गर्भवती कर दिया। इस दौरान आरोपी ने उसके साथ मारपीट की। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ पोक्सो एक्ट समेत विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

■ गर्भवती होने पर आरोपी युवक ने पीड़िता से की मारपीट

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जिला कैथल निवासी 17 वर्षीय लड़की ने रादौर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि वह परिवार के साथ रादौर थाना क्षेत्र की एक कॉलोनी में रहती है। इस दौरान परिवार के सदस्यों ने बाल्मिकी बस्ती रादौर निवासी समीर से उसकी शादी तय कर दी। आरोप है कि आरोपी ने शादी से पहले उसकी इच्छा के बिना उसके साथ नाजायज संबंध बनाकर उसे गर्भवती कर दिया। उसने जब इस बारे आरोपी युवक को बताया तो आरोपी युवक ने गर्भावस्था में उसके साथ मारपीट की। जिससे वह घायल हो गई। परेशान होकर उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी समीर के खिलाफ छह व 17 पोक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर ने की वीडियो कांफ्रेंस

## जिले में परीक्षा के किए प्रबंधों की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

हरियाणा सरकार में मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर ने वीड़यो कांफ्रेंस के माध्यम से बुधवार को जिला सचिवालय में आयोजित प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक में सीईटी ग्रुप सी की परीक्षा को लेकर दिशा निर्देश दिए।

इस दौरान उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर व मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी को जिला यमुनानगर प्रशासन द्वारा सीईटी ग्रुप सी की परीक्षा को लेकर किए गए इंतजामों की जानकारी दी।

■ डीसी पार्थ गुप्ता ने कांफ्रेंसिंग के बाद अधिकारियों को दिए निर्देश

उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर को बताया कि जिला में आगामी 26 व 27 जुलाई को होने वाली सीईटी परीक्षा को लेकर हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा जारी की गई गाइडलाइन की पालना सुनिश्चित करते हुए समय रहते सभी तैयारियां पूरी की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि जिला में बने परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों को निर्धारित समयावधि में पहुंचाने के लिए व्यापक प्रबंध किए गए हैं। वहीं, अन्य जिलों से आने वाली बसों के साथ ही परीक्षा केंद्र तक पहुंचाने के लिए गाड़ियों की सर्विस उपलब्ध रहेगी। साथ ही जिला में हेल्प डेस्क भी परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए बनाए गए हैं। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने कहा कि हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा ग्रुप सी की सीईटी यानी कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट परीक्षा को नकल रहित, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह सजग एवं सतर्क है। परीक्षार्थियों को कोई परेशानी न हो इसके लिए हर पहलू पर फोकस रखने के संबंधित अधिकारियों को दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा दिव्यांग परीक्षार्थियों के लिए भी व्यापक व्यवस्था सुनिश्चित रहेगी। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा एक समर्पित हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया जाएगा। जिस पर अभ्यर्थी किसी भी प्रकार की सहायता के लिए संपर्क कर सकेंगे। वहीं, डायल 112 पर तैनात गाड़ियां और पुलिस राइडर गश्त करते रहेंगे और जरूरत पड़ने पर परीक्षार्थियों को उनके परीक्षा केंद्र तक पहुंचाने के लिए पिक एंड ड्रॉप की सुविधा भी प्रदान करेंगे। मौके पर बैठक में एडीसी नवीन आहूजा, एएसपी अमरेंद्र सिंह, जगाधरी एसडीएम सोनू राम, सीटीएम पीयूष गुप्ता, डीएमसी कुलदीप मलिक, जिला शिक्षा अधिकारी धर्मेंद्र चौधरी, डीडीपीओ नरेंद्र सिंह व जीएम रोडवेज संजय रावल आदि मौजूद रहे।




यमुनानगर। जिला सचिवालय में आयोजित प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक के दौरान उपायुक्त पार्थ गुप्ता। *फोटो : हरिभूमि*

## पालिका अध्यक्ष, अधिकारियों तहसीलदार को नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा

नगर पालिका भूमि पर अवैध कब्ज़ा करके 100 बेड का निजी अस्पताल बनाने के आरोपों की जांच पानीपत के अतिरिक्त उपायुक्त व नगर निगम कमिश्नर डॉ पंकज यादव ने शुरू कर दी है।

एडीसी डॉ यादव ने तहसीलदार समालखा, पालिका सचिव, पालिका अध्यक्ष, अस्पताल निदेशक, भूमि विक्रेता व शिकायतकर्ता पीपी कपूर को नोटिस भेज कर 18 जुलाई को सबूतों व रिकॉर्ड सहित जांच में तलब किया है। वहीं, नोटिस पहुंचते ही तहसील व पालिका अध्यक्ष, अधिकारियों में हड़कंप मच गया। स्मरणीय है कि आरटीआई एक्टिविस्ट पीपी कपूर ने सबूतों सहित उच्च अधिकारियों को शिकायत भेज कर एक 100 बेड निजी हस्पताल की रजिस्ट्री, नक्शा पास करवाने व भवन निर्माण में बड़े फर्जीवाड़े के गंभीर आरोप लगाते हुए सभी दोषियों के खिलाफ़ अपराधिक मुक़ददमा दर्ज कराने की मांग कर रखी है ।

■ समालखा में पालिका भूमि पर फर्जीवाड़े से निजी अस्पताल बनाने का मामला

साथ ही कथित तौर पर कब्ज़ाई गई पालिका भूमि को कब्ज़ा मुक्त कराने व हस्पताल भवन को सील करने की मांग भी की है । पता चला है कि कपूर की शिकायत के बाद पालिका सचिव मनीष शर्मा ने निजी हस्पताल का स्वीकृत नक्शा रद्द करने का नोटिस अस्पताल निदेशकों को भेजा है व अपनी गारंटी पर नक्शा अप्रूव कराने वाले एक निजी आर्किटेक्ट के विरुद्ध भी कार्रवाई करने का नोटिस जारी किया है।

कपूर ने बताया कि वे करोड़ों रुपये की पालिका भूमि को कब्ज़ा मुक्त करवाएंगे व घोटाले में संलिप्त तहसीलदार, पालिका अधिकारियों, पालिका भूमि को अपनी भूमि बता कर तहसील में रजिस्ट्री कराने वाले क्रेता, विक्रेता के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करवाने तक शांत नहीं बैठेंगे। अगर जरूरत पड़ी तो इस मामले में पंजाब हरियाणा हाई कोर्ट में भी याचिका दायर करेगे।

## खबर संक्षेप

### जूस की दुकान में शटर तोड़कर की चोरी

**इंद्री।** इंद्री से खेडा रोड पर कांबोज जूस कॉर्नर की दुकान पर चोरों ने मंगलवार रात्रि दुकान के ताले तोड़कर दस हजार रूपये का सामान व नकदी चोरी कर ली। घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है। दुकान के मालिक अमित ने बताया कि बुधवार की सुबह वह सब्जी मंडी में सब्जी खरीदने आया तो दुकान के शटर टूटा हुआ था। सुचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दुकान का मौका मुआयना कर पास की दुकान में लगे सीसीटीवी चैक किया। दुकान मालिक ने बताया कि दुकान के गले में रखी करीब 2500 रुपए की नगद राशि, सिगरेट की डिबिया और अन्य सामान चोरी हुआ है जिसकी कीमत करीब दस हजार रुपए है।

### एनएसएस ने दिया जनस्वास्थ्य का संदेश

**करनाल।** पं. चिरंजीलाल शर्मा राजकीय महाविद्यालय करनाल की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने मलेरिया व डेंगू से बचाव के लिए एक दिवसीय जनजागरूकता अभियान चलाया। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी श्री राजेश रंगा ने किया, जिन्होंने स्वयं फील्ड पर उतरकर छात्रों का नेतृत्व किया। इस दौरान "मच्छर नहीं फैलाएंगे रोग, जागरूकता से होगा संयोग" जैसे नारे पोस्टरों और स्लोगनों के रूप में छात्रों द्वारा प्रस्तुत किए गए। निर्णायक मंडल में डॉ. सुरेन्द्र पाल (पर्यटन विभाग) और डॉ. जतिन (राजनीति विज्ञान विभाग) शामिल रहे।

### सफाई कर्मियों की हड़ताल समाप्त, बनी सहमति

**करनाल।** दो दिन से हड़ताल पर चल रहे नगर निगम के 1100 से अधिक सफाई कर्मचारियों ने बुधवार को काम पर लौटने की घोषणा कर दी। नगरपालिका कर्मचारी संघ की प्रशासन के साथ हुई बैठक में कर्मचारियों की मुख्य मांगों पर सहमति बनी। वीरभान बिडलान (राज्य उपप्रधान), शारदा (राज्य सचिव), राम सिंह (करनाल प्रधान) और राज कुमार (सचिव) ने बताया कि ऑनलाइन हाजिरी लागू होगी, लेकिन चयनित स्थानों पर शेड बनाए जाएंगे।

### एनएसएस के 20 स्वयंसेवक सम्मानित

**करनाल।** डीएवी पीजी कॉलेज करनाल के 20 एनएसएस स्वयंसेवकों को वर्ष भर के उत्कृष्ट सामाजिक कार्यों के लिए कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा मेरिट सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। प्रमाण पत्र कुलपति प्रो. डॉ. रामपाल सैनी द्वारा वितरित किए गए। उन्होंने कहा कि एनएसएस विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम, सेवा, अनुशासन एवं चरित्र निर्माण को प्रोत्साहित करता है।

### एसडीएम ने नवनिर्वाचित सरपंचों को दिलाई शपथ

**इंद्री।** एसडीएम अशोक मुंजाल ने एसडीएम कार्यालय इंद्री में हाल ही में हुए सरपंच उप-चुनावों में गांव उमरपुर से विजयी प्रत्याशी अंजू रानी और गांव छपरियो से विजयी प्रत्याशी गुरदेव सैनी को शपथ दिलाई। इस मौके पर विधायक एवं गवर्मेंट चीफ व्हिप रामकुमार कश्यप के प्रतिनिधि नवीन कुमार व बीडीपीओ गुरमलख सिंह मौजूद रहे। इस अवसर पर एसडीएम अशोक मुंजाल ने दोनों नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों को बधाई दी।

---

विज्ञापन लगाने पर नगर निगम की सख्ती

# नगर निगम ने 90 चालान कर 9 लाख जुर्माना लगाया

**निजी तथा सरकारी भूमि व सम्पत्ति पर विज्ञापन न करें प्रदर्शित, नियमानुसार चालान व एफ.आई.आर. करवाने जैसी होगी कार्रवाई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल




सार्वजनिक सम्पत्ति को कुरूप करते शहर में अवैध रूप से लगाए गए विज्ञापन बोर्ड को उतारने का नगर निगम का अभियान निरंतर जारी है। इसके तहत विज्ञापन शाखा की टीम सप्ताह में दो दिन फील्ड में रहकर ऐसे अवैध विज्ञापनों को उतारने का कार्य करती है।

नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने बताया कि नगर निगम की टीम द्वारा निजी तथा सरकारी भूमि व सम्पत्ति जैसे फ्लाईओवर, दीवार, बिजली व स्ट्रीट लाईट के खम्बे व सुंदरता के लिए जगह-जगह करवाई गई पेंटिंग इत्यादि पर फ्लैक्स बोर्ड, बिल, स्टिकर, पोस्टर व लोगो चस्पा कर उनकी सुंदरता को बिगाड़ता है, तो उनके खिलाफ नगर निगम निरंतर कार्रवाई कर रहा है।

ऐसे उल्लंघनकर्ताओं को करीब 90 नोटिस जारी कर 9 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। इसके अतिरिक्त करीब 70 व्यक्तियों व संस्थानों को विज्ञापन हटाने के नोटिस जारी किए गए हैं।

उन्होंने बताया कि अगर कोई व्यक्ति या संस्थान विज्ञापन प्रदर्शित करना चाहता है, तो उसे हरियाणा नगर पालिका विज्ञापन उप नियम 2022 में वर्णित प्रावधानों के तहत किसी भी प्रकार का विज्ञापन प्रदर्शित करने से पहले नगर निगम कार्यालय से अनुमति लेनी होगी। अगर कोई व्यक्ति बिना अनुमति के विज्ञापन प्रदर्शित करता है तो उस पर उपरोक्त नियम के तहत जुर्माना व एफ.आई.आर. दर्ज करवाने जैसी कार्रवाई भी की जाएगी।

उन्होंने संस्थानों व दुकानदारों से कहा कि अगर कोई भी व्यक्ति विज्ञापन प्रदर्शन के लिए साईट लेना चाहता है, तो वह साईट पर जाकर ऑनलाईन आवेदन कर बोली में भाग ले सकता है।

उन्होंने ऐसे सभी व्यक्तियों व संस्थानों को चेताते हुए स्पष्ट किया कि कोई भी व्यक्ति नगर निगम की अधिकृत साईट के अलावा किसी अन्य स्थान पर विज्ञापन प्रदर्शित करता है, तो उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। सम्बंधित व्यक्ति या फर्म पर जुर्माना भी लगाया जाएगा। उन्होंने ऐसे सभी व्यक्तियों व संस्थानों से कहा कि वह अपने विज्ञापन बोर्ड व फ्लैक्स इत्यादि को जल्द से जल्द स्वयं ही हटा लें।

उन्होंने कहा कि एक बार बोर्ड उतारने के बाद अगर कोई व्यक्ति दोबारा बोर्ड प्रदर्शित करता है तथा निरंतर नियमों की अवहेलना करता हुआ पाया जाता है, तो उस पर एफ.आई.आर. दर्ज करवाई जाएगी। इसके अतिरिक्त अगर कोई प्रिंटिंग प्रैस संचालक अधिकृत साईट के अतिरिक्त कहीं और विज्ञापन प्रदर्शित करता है, तो उसके खिलाफ भी नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

प्रिंटिंग प्रैस संचालकों को यह भी निर्देश दिए जाते हैं कि उन द्वारा छापे गए फ्लैक्स व पोस्टर इत्यादि पर वह अपनी दुकान का नाम, पता व सम्पर्क नम्बर अवश्य अंकित करें।

---

# 15 वर्षीय किशोर ने आत्महत्या की, मौसी की हरकत व मारपीट बनी मौत की वजह

- अमृतसर से लौटने के बाद लगा था झूठे आरोपों का बोझ, परिजनों ने गंभीरता से नहीं ली बात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

जिले के नेवल गांव में 15 वर्षीय नाबालिग गुरमीत ने संदिग्ध परिस्थितियों में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। यह दर्दनाक घटना उस समय घटी, जब किशोर ने अपने ऊपर लगे झूठे आरोप, लगातार मारपीट और परिजनों की उपेक्षा से आहत होकर जीवन समाप्त करने का कदम उठाया।

जानकारी के अनुसार, गुरमीत 9 जुलाई को अपनी मौसी के बुलावे पर बुढ़ाखेड़ा गांव गया था। मौसी तीन बच्चों की मां थी और उसने उसे दरबार साहिब अमृतसर घुमाने के बहाने बुलाया था। अमृतसर पहुंचने पर गुरमीत ने देखा कि मौसी के साथ दो अनजान युवक भी थे।

गुरमीत ने जब वापस घर लौटने की इच्छा जताई तो इन युवकों ने उसके साथ मारपीट की। इसी दौरान मौसी दोनों युवकों के साथ फरार हो गई। 13 जुलाई को जब गुरमीत अमृतसर से लौटकर मौसी के घर पहुंचा, तो वहां उसके साथ दुर्व्यवहार किया गया। मौसी के परिजनों ने उस पर आरोप लगाया कि उसी ने मौसी को भगाया है या उसे उसकी लोकेशन की जानकारी है। गुरमीत बार-बार सफाई देता रहा कि उसे कुछ नहीं पता, लेकिन उसे बेरहमी से पीटा गया। 14 जुलाई की रात वह किसी तरह अपने गांव नेवल लौट आया। उसने पूरे दिन कुछ नहीं बताया और चुपचाप रहा। 15 जुलाई की सुबह करीब 11 बजे, गुरमीत ने अपनी मां को पूरी कहानी बताई, जब वह कपड़े धो रही थी। परिजनों के अनुसार, गुरमीत की बात को गंभीरता से नहीं लिया गया। मानसिक रूप से पूरी तरह से टूट चुका गुरमीत घर में गया और करीब 11:30 बजे फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। जब मां कमरे में पहुंची तो बेटा फंदे से लटक रहा था। पूरे घर में कोहराम मच गया।

**बेटा तीन भाइयों में सबसे बड़ा था**

पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी, जिस पर कुंजपुरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। गुरमीत के पिता धर्मपाल ने बताया कि बेटा तीन भाइयों में सबसे बड़ा था और शांत स्वभाव का था। जब वह बुढ़ाखेड़ा गया था, तब सोचा कि घूमने जा रहा है, पर जो कुछ वहां हुआ, उसने उसका मन तोड़ दिया। उन्होंने कहा कि मौसी की हरकतें, अनजान लोगों के साथ उसका गायब हो जाना, गुरमीत पर शक करना और लगातार शारीरिक व मानसिक प्रताड़ना ने उसे गहरे सदमे में डाल दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। परिजन चाहते हैं कि मौसी और उसके परिजनों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए। यह घटना न केवल एक परिवार की पीड़ा है, बल्कि समाज के सामने यह सवाल भी खड़ा करती है कि नाबालिगों की भावनात्मक सुरक्षा और परिवार की सतर्कता कितनी जरूरी है।

---

# हरियाणा पत्रकार संघ की जिला कार्यकारिणी घोषित, राजकुमार प्रिंस ने किया ऐलान

- पत्रकार हितों को प्राथमिकता देने का दिया भरोसा

**करनाल।** हरियाणा पत्रकार संघ की जिला करनाल इकाई के नवनियुक्त अध्यक्ष राजकुमार प्रिंस ने बुधवार को जिला कार्यकारिणी, पदाधिकारियों एवं मंडल संयोजकों के नामों की घोषणा की। संघ की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार संदीप साहिल, देवेंद्र गांधी व कमल मिड्ढा को संरक्षक बनाया गया है। हरीश चावला, के.के. संधू, हरिकिशन आर्य, गुलशन मोंगिया व विजय कांबोज उपाध्यक्ष होंगे। महासचिव के रूप में आशुतोष गौतम व हिमांशु नारंग, सचिव के रूप में दीपक कांबोज, विकास मेहला, नरेंद्र लाठर, प्रदीप मेहता व जगदीप मराठा का नाम तय हुआ। वरिष्ठ पत्रकार इंद्रजीत वर्मा, रचना तलवार, इशिका ठाकुर व सुभाष गुरेजा को सह सचिव बनाया गया है। कोषाध्यक्ष मुकुल सतीजा तथा इवेंट मैनेजर विनय बंसल होंगे। मंडल संयोजकों में दिलबाग लाठर (घरौंडा), सतीश जोशी (नीलोखेड़ी), जसबीर राणा (असंध) व सुरेश अनेजा (इंद्री) नियुक्त हुए हैं। जिला कार्यकारिणी में बिशपाल राणा, कमलदीप, संदीप रोहिला, मीनाक्षी, भगवान दास, जयपाल बंसल, हरीश मदान, गुरनाम सिंह, विवेक राणा, रोहित लामसर, पीयूष भुम्बर और मेनपाल कश्यप को शामिल किया गया है। राजकुमार प्रिंस ने कहा कि सभी सदस्य लंबे समय से संघ के साथ सक्रिय हैं और पत्रकारों के हितों को प्राथमिकता दी जाएगी। शीघ्र ही जिला स्तर पर बैठक आयोजित कर भावी कार्ययोजना बनाई जाएगी।

---

# कौशल से सशक्त युवा, आत्मनिर्भर भारत की ओर एक कदम : राकेश

- आईटीआई में विश्व युवा कौशल दिवस पर प्रतियोगिताएं आयोजित, विद्यार्थियों में जोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

**प्रतियोगिता के विजेता**
- ▶▶ प्रथम पुरस्कार (1100): तनु (स्टेनो इंग्लिश)
- ▶▶ द्वितीय (750): नितिन (इलेक्ट्रॉनिक मैकेनिक)
- ▶▶ तृतीय (500): तानिया (स्टेनो इंग्लिश)

बाबू मूलचंद जैन राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई), करनाल में विश्व युवा कौशल दिवस पर निबंध और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्थान के प्रधानाचार्य राकेश भाटिया ने युवाओं को कौशल के बल पर आत्मनिर्भर बनने का संदेश दिया।

उन्होंने कहा, "युवा जब कौशल आधारित शिक्षा से युक्त होते हैं, तो वे न केवल रोजगार प्राप्त करते हैं, बल्कि दूसरों को भी रोजगार देने योग्य बनते हैं। यही आत्मनिर्भर भारत की असली नींव है।" उन्होंने प्रदेश के युवा एवं उद्यमिता मंत्री श्री गौरव गौतम को एक दूरदर्शी नेता बताते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में आईटीआई संस्थानों की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। कार्यक्रम का संचालन प्रशिक्षक ललित रावत ने किया, जबकि कार्यक्रम में प्रधानाचार्य मीनाक्षी, वर्ग अनुदेशक महेंद्र, सुमेर लाठर सहित पूरा स्टाफ उपस्थित रहा।

---

# प्रधानाचार्यों को दिया तनाव प्रबंधन और विधिक जागरूकता का प्रशिक्षण

- शाहपुर डाइट में 12 दिवसीय नेतृत्व विकास कार्यक्रम जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) शाहपुर द्वारा आयोजित 12 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के नौवें दिन नवपदोन्नत प्रधानाचार्यों के लिए विविध महत्वपूर्ण सत्रों का आयोजन किया गया।

दिन की शुरुआत डॉ. देवेंद्र शर्मा द्वारा पूर्व दिवस के सत्रों पर प्रतिक्रिया लेने के साथ हुई। इसके पश्चात मनीष कुमार, प्रभारी आइएफआइसी प्रकोष्ठ, ने प्रेरक उद्बोधन दिया। प्रथम सत्र में डॉ. अशोक, शारीरिक शिक्षा प्रवक्ता (राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, इंद्री) ने तनाव प्रबंधन एवं योग पर मार्गदर्शन दिया। द्वितीय सत्र में विपिन कुमार, जिला प्रारंभिक साक्षरता समन्वयक, ने भाषा एवं गणितीय दक्षता पर सारगर्भित प्रस्तुति दी। तृतीय सत्र में डॉ. ईश्वर सिंह, सहायक प्राध्यापक, ने पोस एवं पोस्को कानून पर विस्तृत जानकारी दी। चतुर्थ सत्र में नरेश गुप्ता ने चिकित्सा व्यय प्रतिपूर्ति प्रक्रियाओं पर व्याख्यान दिया। प्रशिक्षण स्थल की व्यवस्था अनिता, प्रधानाचार्या, राजकीय विद्यालय, करनाल ने देखी।

---

# वेतन के लिए प्रदर्शन कर रहे कर्मियों को इनेलो का समर्थन

- मदन मोहन चौधरी बोले, कर्मचारियों की अनदेखी कर रही सरकार, जल्द समाधान हो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



नगर निगम, सिंचाई विभाग और हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के कर्मचारियों के हक में इनेलो व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मदन मोहन चौधरी खुलकर सामने आए। उन्होंने करनाल में हड़ताल पर बैठे कर्मचारियों से मुलाकात कर उन्हें समर्थन देने का ऐलान किया। चौधरी ने कहा, "स्वच्छता कर्मचारी करनाल को स्वच्छता रैंकिंग में ऊंचा स्थान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं, और सरकार उन्हीं का वेतन रोक रही है। यह सरासर अन्याय है। सरकार को उनकी समस्याएं तत्काल सुलझानी चाहिए।" उन्होंने चेतावनी दी कि अगर सरकार ने शीघ्र वेतन जारी नहीं किया, तो इनेलो कार्यकर्ता आंदोलन के रूप में सड़कों पर उतरेंगे। इस मौके पर शिव बजाज, राजन कालड़ा, नीरज चौधरी, विपिन चौधरी, रिंकू चौधरी, संदीप सिंगला, राकेश अरोड़ा सहित अन्य नेता भी मौजूद रहे।

---

# एक पेड़ मां के नाम के तहत किया पौधरोपण

- राजेंद्र भारद्वाज बोले, पेड़ प्रकृति का स्वरूप, हर गांव में 10 पौधे लगाए जा रहे हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



गांव शामगढ़ में भाजपा किसान मोर्चा द्वारा 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत पौधरोपण किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में राजेंद्र भारद्वाज (राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी, भाजपा किसान मोर्चा) रहे। उनके साथ प्रदेश महामंत्री सुनील वत्स और पूर्व जिलाध्यक्ष विनय संधू गगसीना भी मंच पर मौजूद रहे।

राजेंद्र भारद्वाज ने कहा कि, "पेड़-पौधे हमारे पर्यावरण के रक्षक हैं। जिस प्रकार गाय को 'मां' का दर्जा दिया गया है, उसी प्रकार पेड़ भी मातृत्व भाव रखते हैं। पेड़ हमें ऑक्सीजन, फल व छाया देते हैं।" उन्होंने बताया कि किसान मोर्चा ने राष्ट्रीय स्तर पर चलाए जा रहे अभियान के तहत 51 लाख पौधे लगाए जा रहे हैं।

प्रत्येक गांव में कम से कम 10 पौधे रोपे जा रहे हैं। अभियान का उद्देश्य न केवल पर्यावरण संरक्षण है, बल्कि जनमानस में वृक्षों के प्रति भावनात्मक जुड़ाव भी स्थापित करना है।

इस अवसर पर गांव के प्राथमिक स्कूल में पौधरोपण कर छात्रों व ग्रामीणों को भी अभियान में भाग लेने को प्रेरित किया। कार्यक्रम में शिक्षकगण, ग्रामवासी, व किसान मोर्चा के अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

---

# मरना जीवन की कड़वी सच्चाई : पंडित अमित

- विधायक, चेयरमैन और गणमान्य लोगों समेत संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने जताया पत्रकार की मां के निधन पर शोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी





पत्रकार और शहर भर की कई सामाजिक संस्थाओ से जुड़े सामाजिक कार्यकर्ता रोहित लामसर की माता जी कमला रानी की शोक सभा में विधायक भगवानदास कबीरपंथी, नगर चेयरमैन वीरेंद्र बसंल, गणमान्य नागरिकों एवं विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने पहुंचकर शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। काफी संख्या में पहुंचे लोगों ने माता कमला रानी को पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। पंडित अमित मिश्रा ने शोक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि /"मरना जीवन की वह कड़वी सच्चाई है, जिसे हम समझना नहीं चाहते, परंतु यही प्रकृति का नियम है।

माता-पिता जीवन की सबसे बड़ी पूंजी होते हैं, उनका जाना जीवन में एक गहरी रिक्तता छोड़ जाता है। इस अवसर पर विधायक समेत गणमान्य लोगों ने भी पत्रकार के परिवार को ढांढस बंधाया और कहा कि समाज के सजग प्रहरी के रूप में पत्रकारों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है और उनके दुःख में पूरा समाज साथ खड़ा है। शोक सभा में नगरपालिका चेयरमैन, पार्षद, प्रमुख समाजसेवी, पत्रकार संगठन के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में शहरवासी उपस्थित रहे। इस अवसर पर भाजपा नेता शिवनाथ कपूर और राइस मिलर्स एंड डीलर्स एसोसिएशन के महासचिव राकेश हंस ने कहा कि इस संसार में जो आया है उसने एक न एक दिन जाना ही है। चाहे वह कोई साधारण इंसान, राजा, रंक या फकीर ही क्यों हो। इस दौरान सैंकड़ो गणमान्य लोगों, सामाजिक और धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने स्वर्गीय कमला रानी के निधन पर शोक जाहिर किया। मंच संचालन हंसराज पाहुजा व राजपाल जांगड़ा ने किया। उन्होंने कहा कि संतों ने कहा है 'जीना झूठ है और मरना सच'। यह एक ऐसा सत्य है जो चाह कर भी नहीं बदला जा सकता।

---

# नपा ने सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ अभियान के तहत लोगों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी



तरावड़ी। नगर पालिका के कर्मचारी लोगों को जागरूक करते हुये

शहर मे सफाई व्यवस्था को दुरूस्त करने के लिये सचिव नगर पालिका तरावड़ी के आदेश अनुसार शहर में स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत सफाई अपनाओ बीमारी भगाओं अभियान चला हुआ है । यह अभियान 1 जुलाई से 31 जुलाई तक चलाया जाएगा । इस अभियान के अंतर्गत लोगों को समझाया जा रहा है कि वे इन बरसात के दिनों में सफाई का विशेष ध्यान रखें । अपने आसपास पानी का ठहराव न होने दे क्योंकि पानी के ठहरने से बहुत अधिक संख्या में मच्छरों की उत्पत्ति होगी है जिसके कारण विभिन्न प्रकार की बीमारियां उत्पन्न हो जाती हैं जिसका सीधा-सीधा असर हमारे स्वास्थ्य पर पड़ता है । इस अभियान के मुख्य प्रारूप अपने आसपास के एरिया को साफ सुथरा बनाए रखना । इन बरसात के दिनों में पानी के ठहराव को रोकना, खाना खाने से पहले साबुन या हैंड वॉश से हाथों को अच्छी तरह धोना। सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ इस अभियान अंतर्गत सरकारी व गैर सरकारी स्कूलों में हैंड वॉशिंग की ट्रेनिंग भी बच्चों को दी जा रही है जिसमें वहां के अध्यापक इस कार्य को और अच्छा बनाने के लिए अपना अपना सहयोग दे रहे हैं । यह अभियान नगर पालिका के मोटीवेटर राजवंती व परविंदर सिंह के द्वारा चलाया जा रहा है ।

---

अग्रवाल धर्मशाला मे चल रही श्रीमदभागवत कथा का दूसरा दिन

# तू मेरी शरण आ जा तेरे दुख समाप्त होंगे: आचार्य कृष्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी





श्रावण मास के उपलक्ष्य मे नगरवासियों के सहयोग से अग्रवाल धर्मशाला मे शहर की सुख शान्ति के लिये श्रीमदभागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह में दूसरे दिन की कथा मे यजमान अशोक गुप्ता के द्वारा पूजा अर्चना करके कथा का शुभारंभ हुआ।

दूसरे दिन की कथा मे कथा व्यास आचार्य कृष्ण महाराज ने कहा कि भागवत कथा के श्रवण से ना केवल मन का शुद्धिकरण होता है अपितु शान्ति और मुक्ति भी मिलती है। भागवत कथा के श्रवण से जन्म जन्मातर के विकार नष्ट होकर मनुष्य का लौकिक आध्यात्मिक विकास होता है। इसलिए इंसान को जीवन मे अच्छे कर्म करे ताकि उसका आने वाला समय अच्छा व्यतीत हो। कथा व्यास आचार्य कृष्ण जी ने कहा कि भागवत एक स्वयं मे भगवान है। भागवत मे भगवान कहते है कि प्राणी को कोई भी कष्ट आ जाये तो तू मेरी शरण आ जा तेरे सारे दुख समाप्त हो जाएंगे। तू मेरा अंश है तू मुझ में आकर मिल जा तेरे सारे कष्ट दूर हो जायेगें। कथा व्यास आचार्य कृष्ण जी वृन्दावन वाले ने कहा कि मनुष्य ओर पशु दोनों भगवान की देन है लेकिन पशु भगवान के बनाए नियमों को मानते हैं लेकिन मनुष्य अभी भी भगवान द्वारा नियमों को नहीं मानते। कथा में कान्हा के भजनों पर श्रद्धालु देर तक झूमते रहे। इस अवसर पर जय प्रकाश भारद्वाज, विमल गोयल, बृजमोहन गर्ग, गणेश खन्ना, सुभाष गुप्ता, संजय बसंल, सुभाष गुप्ता मण्डी प्रधान, कमलेश गुप्ता, रणजीत भारद्वाज,जय प्रकाश, बिल्लू शर्मा, सतीश कक्कड़, बलदेव गिरधर, सुरिंदर छाबड़ा, रविन्द्र शर्मा, प्रदीप शर्मा व महिलाये उपस्थित थी।

## खबर संक्षेप

### समालखा में जागरूकता प्रदर्शनी लगाई

**समालखा।** भारत सरकार द्वारा आपातकाल के 50 वर्ष पूर्ण होने पर लोकतंत्र के अंधकार युग के रूप में याद करते हुए आपातकाल के पीड़ितों को श्रद्धांजलि व सम्मान देने हेतु सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग हरियाणा द्वारा बुधवार को समालखा उपमंडल के लघु सचिवालय परिसर में प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का शुभारम्भ बुधवार को समालखा के एसडीएम अमित कुमार ने भाजपा नेता कृष्ण छोक्कर की उपस्थित में किया।

### चोरी के एथेनॉल का खरीदार पकड़ा

**पानीपत।** सीआईए थ्री पुलिस टीम ने टैंकरों से चोरी किया एथेनॉल खरीदने वाले आरोपी गांव गढ़ी बेसिक निवासी साजिद को गिरफ्तार किया है। स्मरणीय है कि थाना सदर पुलिस व खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की संयुक्त टीम ने टैंकर चालकों से चोरी का एथेनॉल खरीदने वाले व टैंकरों से एथेनॉल चोरी कर बेचने वाले गिरोह के चार आरोपियों गांव रसुलाबाद उन्नाव यूपी निवासी नीरज, तहसील कैंप तेज कॉलोनी निवासी प्रवीन, जौरासी खालसा निवासी मेगराज व सोनीपत के मॉडल टाउन निवासी सोमनाथ उर्फ सोमी को गिरफ्तार किया था।

### कार से सवा लाख चोरी रुपये

**पानीपत।** पानीपत के हुडा सेक्टर 18 में निजी कार्य से आए कुलबीर सिंह निवासी गांव सिवाह जिला पानीपत की गाड़ी का शीशा तोड़कर उसमें रखी सवा लाख रुपये की नगदी व दो दो चेकबुक चोरी कर ली गई। कुलदबीर की शिकायत पर हुडा सेक्टर 13-17 थाना पुलिस ने घटनास्थल की जांच की और अज्ञात के खिलाफ चोरी के आरोप में केस दर्ज किया। वहीं, पुलिस ने घटनास्थल व इसके आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच शुरू कर दी है।

### पुलिस टीम ने दो चोर पकड़े

**पानीपत।** सीआईए थ्री पुलिस टीम ने आंगवाड़ी केंद्र व घेर में चोरी करने वाले दो शातिर चोरों राशिद उर्फ कालू पुत्र सोनी निवासी ज्योति कॉलोनी व नवसाद पुत्र शहजाद निवासी प्रकाश नगर, पानीपत को गिरफ्तार किया है। सीआईए थ्री प्रभारी इंस्पेक्टर विजय ने बताया कि चोरी की वारदात बारे थाना इसराना में अनिता पत्नी राजेश निवासी गांव नौल्था की शिकायत पर केस दर्ज है।

### अपहरण कर मारपीट का आरोपी पकड़ा

**इसराना।** पानीपत के बांध गांव से लाखु बुआना की तरफ जा रहे ट्रेक्टर चालक सतीश का अपहरण कर मारपीट करने के आरोपी विकास उर्फ विक्कू को इसराना थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। दोनों पक्ष गांव बांध के निवासी है। थाना इसराना प्रभारी महीपाल ने बताया कि इस केस में सतीश के पुत्र अमित की शिकायत पर केस दर्ज है।

### पुलिस ने नशा तस्कर पकड़ा, केस दर्ज

**पानीपत।** एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस टीम ने डाहर गोल चक्कर के नजदीक ढाबे के पास संदीप पुत्र सुबे सिंह निवासी गांव डाहर को 1 किलो 290 ग्राम गांजा (नशीले पदार्थ) के साथ गिरफ्तार किया है। एंटी नारकोटिक्स सेल प्रभारी इंस्पेक्टर सुमित सरोहा ने बताया कि आरोपी पर थाना इसराना में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज करवाया गया है।

### सतबीर अलूपुर बने जिला संयोजक

**पानीपत।** इनेलो के बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अशोक प्रधान ने राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ. अभय सिंह चौटाला, प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा एवं जिलाध्यक्ष कुलदीप राठी से विचार विमर्श करके बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक सतबीर अलूपुर को नियुक्त किया है।

### जिला कराटे प्रतियोगिता 20 को

**इसराना।** यूनाइटेड मार्शल आर्ट एकडेमी इसराना में जिला स्तरीय कराटे प्रतियोगिता का 20 जुलाई को आयोजन किया जाएगा। पानीपत कराटे एसोसिएशन के महासचिव अंकित जागलान ने बताया कि प्रतियोगिता के माध्यम से स्टेट चैंपियनशिप के लिए भी चयन किया जाएगा।

---

### निजी स्कूल संघ ने उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा

# प्राइवेट स्कूल बंद कर जगबीर पानू की हत्या के विरोध में प्रदर्शन किया

■ प्राइवेट स्कूल में प्राइवेट हॉस्पिटलों की तर्ज पर सेफ्टी एक्ट कानून लागू करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत



पानीपत। प्राइवेट स्कूल संघ के सदस्यगण शिक्षाविद् जगबीर पानू की हत्या के विरोध में दिए जाने वाला ज्ञापन दिखाते हुए।

हिसार के गांव बास के करतार मेमोरियल पब्लिक स्कूल के प्रबंधक जगबीर पानू की स्कूल परिसर में विद्यार्थियों द्वारा चाकू मार कर की गई निर्मम हत्या के विरोध में पानीपत जिला के प्राइवेट स्कूल संघ द्वारा स्कूलों को बंद कर जिला सचिवालय पर प्रदर्शन किया और उपायुक्त के माध्यम से हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में सीएम सैनी से मांग की गई कि जैसे प्राइवेट स्कूल में प्राइवेट हॉस्पिटलों की तर्ज पर सेफ्टी एक्ट कानून लागू किया जाए, पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा दिया जाए जगबीर पानू को शहीद का दर्जा मिले और जो दोषी छात्र हैं उनको सख्त से सख्त सजा दी जाए। उनको नाबालिक होने का फायदा ना मिले। ज्ञापन देने वालों में हुसा के प्रदेशाध्यक्ष विजेंद्र मान, फेडरेशन ऑफ प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन पानीपत जिला अध्यक्ष महिपाल सूबेदार, अवनीश कुमार ठाकुर, विक्रम गांधी, राजेंद्र शर्मा, राजेश बत्रा, प्रताप निम्बरी, रणधीर जागलान, सुभाष धीमान, जय कुमार गुप्ता, नरेंद्र, निशांत, सचिन पाल, सतीश भराड़ा, कंवरभान शर्मा, सोहन, कपिल, ईश्वर, जसमेर, विकास हुड्डा, वीर बहादुर आदि उपस्थित रहे।

---

## सत्य की राह पर चल कर सद्भावी बनें इंसान: मुनि



पानीपत के गांव राजाखेड़ी में सत्संग का श्रवण करते हुए श्रद्धालुगण। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत

पानीपत के निकटवर्ती गांव राजाखेड़ी में जैन संतों प्रवचन प्रभावक रोहित मुनि महाराज, तपस्वी श्रेयांश मुनि महाराज व सेवाभावी रजत मुनि महाराज ठाणे तीन के चल रहे चातुर्मास के अंतर्गत बुधवार को रोहित मुनि ने प्रवचन की शुरुआत नाथ तुम बड़े दयालु हो, वीर तुम बड़े दयालु हो और न कोई हमारा है, मुझे एक तेरा सहारा है। नैया डोल रही मेरी, प्रभु जी अब करो ना तुम देरी।

पंक्तियों से करते हुए कहा कि मन से ही हम मोक्ष में जा सकते हैं क्योंकि मन के आगे अंश लग जाने से अमन बन जाता है अमन का अर्थ है शांति। इस के मद्देनजर हर इंसान को सद्भावी बनना चाहिए। इस अवसर पर बडी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

---

## आर्य कालेज की धरवी निबंध लेखन प्रतियोगिता में प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत



पानीपत। आर्य कालेज की छात्रा धरवी अपने टीचर्स के साथ। फोटो :हरिभूमि

करनाल के दयाल सिंह कालेज में आयोजित हुए राज्यस्तरीय निबंध लेखन प्रतियोगता में आर्य कालेज पानीपत की छात्रा धरवी ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए हरियाणा प्रांत में प्रथम स्थान हासिल कर कॉलेज का नाम रोशन किया। कालेज की उपाचार्य डा. अनुराधा सिंह ने धरवी को बधाई दी। साथ उन्होंने कॉलेज के रसायन विभाग के विभागाध्क्ष प्रो. अनिल कुमार को जीत के लिए बधाई दी। उपाचार्या डॉ. अनुराधा सिंह ने बताया कि हरियाणा स्टेट कॉसिंल फॉर सांइस इनोवेशन एंड टैक्नॉलाजी हरियाणा सरकार द्वारा राज्यस्तरीय निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन करनाल के दयाल सिंह कॉलेज में आयोजित करवाया गया। जिसमें आर्य कॉलेज के नॉन मेडिकल की अंतिम वर्ष छात्रा धरवी ने प्रथम स्थान हासिल किया। धरवी के निबंध का विषय साइबर क्राइम एंड इटस प्रिवेंशन रहा।

---

## पौधों को परिवार का हिस्सा मान कर पालें: कादियान

■ ग्रीनमैन प्रो. दलजीत ने स्काई लार्क में पौधरोपण अभियान चलाया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत



पानीपत। सकाई लार्क रिसॉर्ट के जीएम कर्मवीर कादियान व स्टाफ को पौधे भेंट करते हुए ग्रीनमैन प्रो. दलजीत कुमार।

स्काई लार्क रिसॉर्ट में पवित्र सावन माह में एक पौधा मां के नाम मुहिम के अंतर्गत पौधरोपण अभियान चलाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर्मवीर कादियान, वरिष्ठ प्रबंधक व इंचार्ज स्काई लार्क रिसॉर्ट ने की। वहीं, कादियान ने बताया कि ग्रीनमैन के नाम से विख्यात प्रोफेसर दलजीत कुमार ने देशबन्धु गुप्ता राजकीय महाविद्यालय पानीपत के इको क्लब की टीम और स्काई लार्क के कर्मचारियों के साथ पौधरोपण अभियान चलाया। इससे पहले 2024 में भी ग्रीनमैन निजी कोष से स्काई लार्क में हर्बल गार्डन बना चुके है। ग्रीनमैन प्रो. दलजीत ने बताया कि स्काई लार्क में पवित्र सावन माह में एक पौधा मां के नाम मुहिम के अंतर्गत 26 बोगनबेल जिनमें 16 इंग्लिश और 10 देशी व 08 हारसिंगार के पौधे रोपित करते हुए कहा कि हमारा उद्देश्य ग्रीन पानीपत के साथ साथ पूरे हरियाणा को हराभरा बनाने का है। स्काई लार्क में हर रोज हजारों नागरिक हरियाणा ही नही देशभर से आते-जाते रहते हैं।

बोगन बेलो से जहां स्काईलार्क का सौन्द्रीयकर्ण होगा वहीं छोटी-छोटी चिड़यिाओं को आसरा मिलेगा। हारसिंगार औषधीय गुणों से भरपूर है। वही रात के समय स्काई लार्क के प्रांगण को दिल को छू लेने वाली खुशबू से भर देगा। इस अवसर पर गुलाब सिंह, सुमित कुमार, भूपेंद्र सिंह, सुनील कुमार, नरेश कुमार, कश्मीर सिंह, निशा, सिया, सिमरन, अभिषेक, अंकुश, नरेश माली सहित स्काई लार्क स्टॉफ ने पौधरोपण अभियान में भाग लिया।

---

### आपदा प्रबंधन पुरस्कार को आवेदन मांगें

**पानीपत।** भारत सरकार के गृह मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से सुभाष चन्द्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार-2026 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। व्यक्तियों और संगठनों के अमूल्य योगदान और निस्वार्थ सेवा भाव को पहचानने और सम्मानित करने के लिए सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार के नाम से वार्षिक पुरस्कार दिया जाता है।

### इंसान को अंधा कर देते है आंखों के रोग: डा.स्तुति

**पानीपत।** श्रीराम सेवा दल द्वारा संचालित राजन चावला मेमोरियल डिस्पेंसरी स्थित श्री राम धर्मशाला बरसत रोड नूरवाला में अर्पणा अस्पताल मधुबन, करनाल के अनुभवी नेत्र रोग विशेषज्ञ डा.स्तुति गर्ग व उनकी टीम के साथ नेत्र जांच शिविर लगाया गया। शिविर में बंडी संख्या में नागरिकों की आंखों की जांच की गई। जिसमें तीन व्यक्तियों के मोतियाबिंद के ऑपरेशन योग्य पाया गया। इन व्यक्तियों को मधुबन अर्पणा अस्पताल में मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए ले जाकर जांच उपरान्त आपरेशन किए जाएंगे। आंखों के रोग इंसान को अंधा कर देते है। इस अवसर पर श्री राम सेवा दल के प्रधान हरबंस आनंद, रामसरूप चावला, सुन्दर लाल, राकेश आनंद, सुमित वधवा, श्याम सुन्दर ग्रोवर, तिलक राज छोकरा, राजन छोकरा, कमल छाबड़ा, हितेश आनंद, बलजीत आनंद व सुभाष पुनानी आदि उपस्थित रहे।



पानीपत। श्री राम सेवा दल में राजन चावला मेमोरियल डिस्पेंसरी में नेत्रों की जांच करते डा.स्तुति गर्ग।

### व्यावसायिक मार्गदर्शन सप्ताह 21 से

**पानीपत।** पानीपत जिला रोजगार अधिकारी रितु चहल ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला रोजगार विभाग द्वारा 21 जुलाई से 25 जुलाई तक व्यावसायिक मार्गदर्शन सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है जिसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों और रोजगार इच्छुक प्रार्थियों को व्यवसायिक और प्रशिक्षण सुविधाओं के बारे जानकारी और मार्गदर्शन प्रदान करना है।

### छात्रा से छेड़खानी, केस

**पानीपत।** पानीपत की एक कॉलोनी में तेरह वर्षीय छात्रा के साथ छेड़खानी की गई, विरोध करने पर छात्रा को जान से मारने की धमकी दी गई। था। लड़की के परिजनों ने एक बार उसे समझाया भी था। इसके बावजूद वह नहीं माना। अब फिर स्टूडेंट के साथ उसने अभद्रता की। जिस बारे में उसने घर पर बताया। मामले की शिकायत पुलिस को दी गई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर लिया है। परिजनों ने आरोपी को कई बार समझाया, लेकिन वह नहीं माना।

---



पानीपत। जिला सचिवालय में बैठक करते हुए प्रशासनिक अधिकारगण।

### राजस्व व आपदा प्रबंधन की बैठक में 13 सूत्रीय एजेंडे पर चर्चा हुई

**पानीपत।** राजस्व और आपदा प्रबंधन की महत्वपूर्ण बैठक बुधवार को जिला सचिवालय सभागार में उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया की अगुवाई में हुई। बैठक में उपायुक्त ने सभी उपमंडल अधिकारियों और अन्य विभागों के अधिकारियो को निर्देश दिए की वे अपने कार्य को पूर्ण करने को लेकर जिम्मेदारी से व गंभीरता से कार्य करें। उपायुक्त ने बैठक में कृषि विभाग की इकोसिस्टम बनाने को लेकर विचार विमर्श किया। राजस्व व आपदा प्रबंधन की बैठक में 13 सूत्रीय एजेंडे पर चर्चा हुई। फसल अवशेषों को जलने वाली घटनाओं पर भी चौकसी बरतने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने सभी उपमंडल अधिकारियों को न्यायालय संबंधित पैडसी को क्लियर करने के भी निर्देश दिए। आधुनिक रिकॉर्ड रूम के बारे में भी बैठक में विचार विमर्श किया गया। बैठक में दीक्षित अवॉर्ड और हरियाणा उत्तर प्रदेश की बाउंड्री डिस्प्यूट को लेकर भी अपडेट लिया गया। भू खंडों से संबंधित मामलों के निपटाने की प्रगति भी उपायुक्त ने अधिकारियों से जानी। जमीन के म्यूटेशन के मामले पर भी उपायुक्त ने अधिकारियों से अपडेट लिया।

## गांव ददलाना में पौधरोपण व कबड्डी मैच का शुभारंभ

**पानीपत।** उत्तरी क्षेत्रीय पाइपलाइन द्वारा आयोजित स्वच्छता पखवाड़े का समापन महाराणा प्रताप स्टेडियम, गांव ददलाना में पौधरोपण और कबड्डी मैच आयोजित कर किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उत्तरी क्षेत्रीय पाइपलाइन के मुख्य महाप्रबंधक जितेंद्र कुमार राय ने शिरकत की और खिलाड़ियों को आशीर्वाद दिया। राय ने उपस्थित खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल से जहां शरीर स्वस्थ रहता है वहीं, खिलाड़ी का मनोबल बढ़ता है। राय ने कहा कि हमें अपने जन्मदिन पर हर वर्ष एक पौधा मां के नाम लगाना चाहिए। हमें उस पौधे की देखभाल अपने बच्चे की तरह करनी चाहिए जब तक वह बड़ा न हो जाए। पेड़ पौधे वातावरण में ऑक्सीजन और कार्बन डाइऑक्साइड गैस का संतुलन बनाने में अहम भूमिका निभाते हैं। इसके साथ ही हमें पौधों से जीवन दायिनी ऑक्सीजन भी मिलती है जिससे ग्रहण कर हम जीवित और स्वस्थ रहते हैं। वहीं, ग्रामीणों द्वारा जितेंद्र कुमार राय को पुष्प गुच्छ और शाल भेंट कर सम्मानित किया गया। इधर, महाराणा प्रताप स्टेडियम में खेले गए कबड्डी मैच में ददलाना बी ने टीम ए को 35 अंकों के मुकाबले 31 अंकों से हरा दिया। इस अवसर पर महाप्रबंधक विशाल गोरख, उप महाप्रबंधक संजय कुमार, हरजीत सिंह, ब्लॉक समिति अध्यक्ष पानीपत दीपक राणा, सरपंच प्रतिनिधि चरणजीत राणा, मास्टर गोपीचंद शर्मा, मास्टर भगवान दास राणा, सतबीर शर्मा, शमशेर राणा, कश्मीरी लाल शर्मा, मास्टर खुशीराम शर्मा आदि मौजूद रहे।



पानीपत। महाराणा प्रताप स्टेडियम गांव ददलाना में विजेता टीम के साथ जे.के. राय व अन्य अथितिगण आदि।

### श्रीशिव शक्ति मंदिर में कथा का आयोजन कथा सुनकर भाव विभोर हो उठे श्रद्धालु

**कुरुक्षेत्र।** श्रावण मास के पावन अवसर पर सेक्टर-7 स्थित श्रीशिव शक्ति मंदिर में श्रीगो गीता गायत्री सत्संग सेवा समिति के संस्थापक अध्यक्ष कथावाचक अनिल शास्त्री ने उपस्थित श्रोताओं को बताया कि गणेश जी का गजमुख दो दांतों के साथ शोभायमान होता था, परन्तु एक बार भगवान परशुराम ने क्रोधवश उनका एक दांत फरसे से काट दिया था। जिस कारण से गणेश जी एकदंत या वक्रतुण्ड कहलाने लगे। लेकिन उनके इसी एक दांत और लम्बोदर रूप के कारण कोई उनसे विवाह करने को तैयार नहीं होता था। इससे रुष्ट होकर गणपति अपनी सवारी मूषक की सहायता से दूसरे देवताओं के विवाह में बाधा पहुंचाने लगे थे। सभी देवताओं ने अपनी समस्या जाकर ब्रह्मा जी से कही। ब्रह्मा जी ने सभी देवताओं और गणेश जी की समस्या का समाधान निकालने के लिए अपनी दो पुत्रियों ऋद्धि और सिद्धि को गणेश जी के पास शिक्षा ग्रहण करने के लिए भेज दिया। गणेश जी की स्वीकृति से एक साथ ऋद्धि और सिद्धि से उनका विवाह सम्पन्न हुआ, जिनसे इन्हें शुभ और लाभ पुत्रों की प्राप्ति हुई



---

### एचएसवीपी के अधिकारियों एवं निगम की टीम के साथ संभावित स्थानों का निरीक्षण किया

# रेहडी वालों को मिलेगा सामान बिक्री के लिए स्थान

■ शहर से अतिक्रमण मुक्त करने का अभियान चलाया जा रहा: कोमल सैनी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत



पानीपत। मेयर कोमल सैनी रेहड़ी फड़ी वालों के लिए जगह का निरीक्षण करते हुए। फोटो :हरिभूमि

पानीपत नगर निगम महापौर कोमल सैनी ने पानीपत शहर में लगने वाली रेहड़ी फड़ी वालों के लिए विशेष स्थान देने हेतु बुधवार को एचएसवीपी के अधिकारियों एवं निगम की टीम के साथ संभावित स्थानों का निरीक्षण किया। उन्होंने हुडा सेक्टर 13/17 नूरवाला अड्डे के नजदीक खाली प्लॉट एवं सेक्टर 25 हनुमान चौक सहित विभिन्न स्थानों का निरीक्षण किया। मेयर कोमल सैनी ने कहा कि शहर से अतिक्रमण मुक्त करने का अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान को आम जन मानस के साथ साथ दुकानदारों द्वारा भी सराहा जा रहा है। बाजार एवं मुख्य सड़के खुली होने से ग्राहकों को भी राहत मिली है और बाजारों में पहले से अधिक ग्राहक आ रहे है। वहीं, शहर को अतिक्रमण से मुक्त करने के साथ साथ रेहड़ी वालों के रोजगार को संरक्षित करना भी हमारी प्राथमिकता है। नगर निगम द्वारा रेहड़ियों का सर्वे किया जा रहा है। रेहड़ी वालों का नगर निगम पंजीकरण कर रहा है। पूरा डाटा एकत्रित कर जनता की सुविधा अनुसार रेहड़ी वालों को उचित स्थान पर शिफ्ट किया जाएगा।

### नशे के विरूद्ध छात्रों को जागरूक किया

■ नशा मनुष्य के शरीर को अंदर से खोखला कर देता है

**पानीपत।** उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय सतीश वत्स ने काबड़ी गांव के सरकारी स्कूल में विद्यार्थियों को नशा व साइबर क्राइम के विरूद्ध जागरूक किया। जब कि यातायात नियमों और पॉक्सो एक्ट के बारे में जागरूक किया। डीएसपी वत्स ने बताया कि नशा करने वाले व्यक्ति का समाज व परिवार में कोई भी मान सम्मान नहीं करता है। नशा मनुष्य के शरीर को अंदर से खोखला कर देता है। जबकि लापरवाही के कारण ही नागरिक साइबर क्राइम का शिकार होते है। उन्होंने पानीपत जिला व गांव को नशा मुक्त करने में ग्रामीणों से सहयोग मांगते हुए यातायात नियमों का पालन करने की अपील की।

**न्यायालय तहसीलदार-कम-सब रजिस्ट्रार पानीपत**

**श्रीमति चन्द्रो देवी पत्नी स्व. श्री कृष्ण लाल निवासी गांव डाडौला तहसील बापौली व जिला पानीपत।**

**बनाम जनरल पब्लिक**

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि चन्द्रो देवी पत्नी स्व. श्री कृष्ण लाल निवासी गांव डाडौला तहसील बापौली व जिला पानीपत ने दस्तावेज पंजीकृत हेतू इस कार्यालय में पेश किया है। जिसमें स्पष्ट रूप से बताया गया है कि प्रार्थी के पति स्व. श्री कृष्ण लाल पुत्र श्री जिले सिंह की दिनांक 10/02/2024 को मृत्यु हो चुकी है व मृतक कृष्ण लाल की माता की मृत्यु काफी अरसे पहले हो चुकी है। यह कि प्रार्थी के पति स्व. श्री कृष्ण लाल पुत्र श्री जिले सिंह की मृत्यु उपरांत उनके निम्न वारिस हैं 1. चन्द्रो देवी विधवा 2. मुनेश पुत्री 3. सोम वीर पुत्र 4. सोनिया पुत्री 5. गीता देवी पुत्री 6. सीता पुत्री स्व. श्री कृष्ण लाल पुत्र स्व. श्री जिले सिंह के कुल 6 वारिस हैं। अन्य कोई वारिस नहीं है व वारसान की तसदीक द्वारा श्री सतीश कुमार नंबरदार व सुभाष पटवारी हल्का पानीपत दिनांक 17/07/2024 द्वारा भी अपनी रिपोर्ट में इन्हीं वारसान की तसदीक की गई है:-1. चन्द्रो देवी विधवा 2. मुनेश पुत्री 3. सोम वीर पुत्र 4. सोनिया पुत्री 5. गीता देवी पुत्री 6. सीता पुत्री स्व. श्री कृष्ण लाल पुत्र स्व. श्री जिले सिंह के कुल 6 वारिस हैं। इनके इलावा मृतक का अन्य कोई वारिस/उत्तराधिकारी नहीं है। जिसके संबंध में प्रार्थी ने शपथपत्र भी प्रस्तुत किया है। इसलिये हर आम व खास को इस इश्तहार /नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक के बताये गये वारिस/उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक एवं एतराज हो तो वह स्वयं/अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 15 दिन के अन्दर अन्दर कार्यालय में कार्यदिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है। अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जायेगा।

यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 15.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

**तहसीलदार-कम-सब रजिस्ट्रार, पानीपत।**

**खबर संक्षेप**

## क्लर्क के सस्पेंशन को लेकर गरजे कर्मचारी

**अंबाला।** लिपिक की बहाली को लेकर बिजली कर्मचारियों का धरना तीसरे दिन भी जारी रहा। बिजली कर्मचारियों ने सब यूनिट नंबर 2 के एसडीओ को दिए गए नोटिस अनुसार सुबह 9 से 11 बजे तक दो घंटे का धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शन की अध्यक्षता सब यूनिट सचिव गुरमीत सिंह ने की और मंच का संचालन सब यूनिट प्रधान बलवंत यादव ने किया। कर्मचारियों को संबोधित करते हुए अध्यक्ष ने बताया एसडीओ को दिए गए नोटिस अनुसार जब तक गुरविंदर लिपिक की गलत निलंबन को रद्द नहीं किया जाता तब तक यूनियन संघर्ष करती रहेगी। इस कड़ी में शुक्रवार तक दो घंटे का विरोध प्रदर्शन सब यूनिट नंबर 2 में चलेगा। अध्यक्ष ने चेताया कि अगर गुरविंदर के साथ न्याय नहीं होता तो शुक्रवार के बाद यूनियन की बैठक बुलाकर संघर्ष की आगामी रणनीति बनाई जाएगी। इस कड़ी में शुक्रवार तक दो घंटे का विरोध प्रदर्शन सब यूनिट नंबर दो में चलेगा।

## चोरी के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला शहर में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी हरविंद्र सिंह उर्फ शैंटी व गुरविंद्र सिंह उर्फ शालू को प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया है। मॉडल टाउन के अजय ने 16 मई 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि सर्राफा बाजार से आरोपी ने उसकी एक्टिवा चोरी की है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### 400 से ज्यादा विद्यालयों में शैक्षिक गतिविधियां रही बंद

# शिक्षक की हत्या के विरोध में उतरे निजी स्कूलों के संचालक

- राष्ट्रपति व पीएम के नाम ज्ञापन सौंपकर स्कूल सेफ्टी एक्ट लागू करने की मांग, जघन्य अपराध करने पर किशोरों के लिए भी कड़ी सजा की व्यवस्था को लागू करने का किया आग्रह



अंबाला। मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपते निजी स्कूल संचालक। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

हिसार में शिक्षक जगबीर पानू की निर्मम हत्या के विरोध में बुधवार को निजी विद्यालय संचालकों एवं शिक्षकों ने एकजुट होकर प्रदेश में स्कूल सेफ्टी एक्ट लागू किए जाने की मांग की। इसको लेकर उपायुक्त के जरिए राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में हाल ही में हिसार जिले के पुट्ठी गांव में शिक्षक जगबीर पानू की नृशंस हत्या की घटना का उल्लेख करते हुए स्कूलों में बढ़ती हिंसा पर गहरी चिंता व्यक्त की गई। इस विरोध के समर्थन में जिले के 400 से ज्यादा निजी विद्यालयों में शैक्षणिक गतिविधियां पूरी तरह बंद रहीं। साथ ही शिक्षण कार्य स्थगित किया गया। प्रदर्शनकारियों की अगुवाई कर रहे निसा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं फेडरेशन के प्रदेशाध्यक्ष कुलभूषण शर्मा ने कहा कि ज्ञापन में मांग की गई कि प्रदेश में तुरंत स्कूल सेफ्टी एक्ट लागू किया जाए। साथ ही दिवंगत शिक्षक जगबीर पानू को /"शहीद/" का दर्जा दिया जाए उनके परिवार को 1 करोड़ की आर्थिक सहायता दी जाए। एक परिजन को सरकारी नौकरी प्रदान की जाए। इसके अतिरिक्त इस प्रकार के जघन्य अपराधों के मामलों की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में की जाए। दोषियों को सख्त से सख्त सजा दी जाए। गंभीर अपराधों में लिप्त नाबालिगों की परिभाषा पर भी पुनर्विचार कर उन्हें कठोर दंड देने की व्यवस्था की जाए।सभी शिक्षकों ने मांग की कि विद्यार्थियों में अपराध की प्रवृत्ति बढ़ती जा रही। वह नाबालिग होने का फायदा उठा कर निडर हो कर ऐसी हत्याओं को अंजाम दे रहे हैं। कानून बनाने वालों को इस कानून में संशोधन करने की जरूरत है ताकि शिक्षकों को सुरक्षित किया जा सके। शर्मा ने कहा शिक्षक की विद्यार्थियों द्वारा हत्या को जघन्य अपराध घोषित कर नाबालिग की आयु 18 वर्ष से कम कर16 वर्ष कर देनी चाहिए ताकि ऐसे अपराधों पर रोक लगाई जा सके।

**सुरक्षा सर्वोपरि**

*उन्होंने कहा कि स्कूल सेफ्टी एक्ट लागू किया जाना समय की मांग है। जब तक शिक्षकों को सुरक्षित वातावरण नहीं मिलेगा तब तक शिक्षा व्यवस्था मजबूत नहीं हो सकती। इस अवसर पर 100 से अधिक शिक्षक एवं विद्यालय संचालक उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में कहा कि शिक्षक समाज की रीढ़ हैं। उनकी सुरक्षा सर्वोपरि है।*



अंबाला। स्कूल का निरीक्षण करते हुए अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

# डिप्टी डीईओ ने दो स्कूलों का किया निरीक्षण छात्रों को व्यावसायिक शिक्षा के प्रति किया जागरुक

**प्रशासनिक बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा

उप-जिला शिक्षा अधिकारी प्रमोद कुमार राणा एवं अशोक कुमार द्वारा राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय एवं राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अधोया का औचक शैक्षणिक निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर दोनों विद्यालयों के प्रधानाचार्य उपस्थित रहे।

उन्होंने अधिकारियों के साथ विभिन्न शैक्षणिक एवं प्रशासनिक बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की। निरीक्षण के दौरान नेशनल स्किल क्वालिफिकेशन फ्रेमवर्क के अंतर्गत संचालित व्यवसायिक पाठ्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की गई। अधिकारियों ने शिक्षण शैली, गुणवत्ता शिक्षा और विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी को सराहा तथा विद्यार्थियों को व्यवसायिक शिक्षा के महत्व के प्रति जागरूक करने पर विशेष बल दिया। उन्होंने प्रयोगशालाओं के संदर्भ में स्कूल को निर्देश दिए कि विज्ञान, कंप्यूटर और भाषा प्रयोगशालाओं को सुव्यवस्थित और कार्यशील रखा जाए। सभी उपकरण सही स्थिति में हों और प्रयोग के दौरान सुरक्षा मानकों का पालन अनिवार्य रूप से किया जाए। इस दौरान पुस्तकालय की स्थिति की भी समीक्षा की गई। यह निर्देश दिए गए कि पुस्तकालय स्वच्छ, शांतिपूर्ण और पर्याप्त प्रकाश व बैठने की व्यवस्था से युक्त हो ताकि विद्यार्थी सहजता से अध्ययन कर सकें। इसके अलावा विद्यालयों में लगे डिजिटल बोर्ड की स्थिति को भी जांचा गया। अधिकारियों ने बताया कि सभी डिजिटल बोर्ड कार्यशील होने चाहिए और शिक्षकों को नियमित रूप से इनका उपयोग करके शिक्षण को अधिक प्रभावी बनाना चाहिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय की स्वच्छता की सराहना की। उन्होंने टैबलेट के शैक्षणिक उपयोग पर भी विशेष ध्यान दिया गया। विद्यार्थियों और शिक्षकों को प्रेरित किया गया कि वे नियमित रूप से टैबलेट का उपयोग करके अपने शिक्षण और अधिगम को आधुनिक तकनीकों से जोड़ें।

## चोरी के मामले में आरोपित गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना महेशनगर में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी अनिल कुमार उर्फ बिल्ला को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने पूछताछ के दौरान बताया कि उसने चोरी किया हुआ गेट किसी को बेच दिया था। आरोपी से दो हजार रूपये नकदी बरामद की गई है। शिकायतकर्ता मनजीत सिंह ने 14 जुलाई 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी अनिल कुमार उर्फ बिल्ला व अन्य ने उसकी दुकान की सीढ़ियों का गेट चोरी किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

## प्रशिक्षण सत्र में बताए दायित्व व सावधानियां



अंबाला। निर्वाचन पंजीयन अधिकारी बीएलओं को उनके कार्यों के बारे में जानकारी देते हुए।

**नारायणगढ़।** विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 3 की निर्वाचन पंजीयन अधिकारी एवं एसडीएम शिवजीत भारती ने बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) के लिए आयोजित प्रशिक्षण सत्र में उनके कार्यों और दायित्वों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बीएलओ निर्वाचन प्रक्रिया की रीढ़ होते हैं और मतदाता सूची के शुद्धिकरण में उनकी भूमिका बेहद अहम है। एसडीएम ने कहा कि बीएलओ यह सुनिश्चित करें कि मतदाता भारत का नागरिक हो, योग्यता तिथि (1 जनवरी, 1 अप्रैल, 1 जुलाई या 1 अक्तूबर) को 18 वर्ष या उससे अधिक आयु का हो, क्षेत्र का सामान्य निवासी हो, विकृत चित न हो और मतदान के अधिकार से अयोग्य घोषित न किया गया हो। ट्रेनिंग के दौरान सुपरवाइजर सुरेश कुमार शर्मा ने फार्म 6, 7 और 8 भरने की प्रक्रिया, बीएलओ की जिम्मेदारियां और बीएलओ ऐप के इस्तेमाल की जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान बीएलओ से संबंधित टेस्ट भी लिया गया।इस मौके पर एसडीएम शिवजीत भारती ने बीएलओ की समस्याएं भी सुनीं और उनके सुझाव भी प्राप्त किए। इस अवसर पर चुनाव कार्यालय से सरताज और नीलम भी उपस्थित रहे।

**वन महोत्सव के दौरान चलाया गया पौधरोपण अभियान**

# वृक्षारोपण केवल एक औपचारिकता नहीं बल्कि यह भविष्य को सुरक्षित रखने का एक संकल्पः अग्रवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शहजादपुर



अंबाला। आईटीआई परिसर में पौधारोपण करते मुख्यअतिथि व अन्य। फोटो : हरिभूमि

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, भारापुर में वन महोत्सव सप्ताह के उपलक्ष्य में एक प्रेरणादायक वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधानसभा संयोजक अश्वनी अग्रवाल थे जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा के महामंत्री विवेक गुप्ता तथा भाजपा मंडल के महामंत्री राजेश शर्मा पधारे। कार्यक्रम की शुरुआत संस्थान परिसर में पौधारोपण से हुई। यहां मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों ने स्वयं पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। संस्थान के प्राचार्य विनोद सिंह शेखावत ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए स्मृति चिह्न भेंट किए। पर्यावरणीय जागरूकता की दिशा में संस्थान की सक्रिय भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने जानकारी दी कि संस्थान परिसर में छोटे-बड़े पौधों और विकसित वृक्षों की संख्या 1500 से अधिक है जिनकी नियमित देखभाल की जाती है। यह हरियाली न केवल वातावरण को स्वच्छ बनाए रखने में सहायक है बल्कि यह प्रशिक्षुओं के लिए प्रकृति से जुड़ाव का एक प्रेरणास्त्रोत भी है। मुख्य अतिथि अश्वनी अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरूआत पूरे देश में की थी। सीएम नायब सिंह सैनी प्रदेश में आगे बढाने का काम कर रहे है। वृक्षारोपण केवल एक औपचारिकता नहीं बल्कि यह भविष्य को सुरक्षित रखने का एक संकल्प है। जो पौधे अब लगाए जा रहे हैं वे कल जीवनदायिनी छांव और प्राणवायु का स्त्रोत बनेंगे। गुप्ता ने कहा कि हर प्रशिक्षु एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। उसकी देखभाल करनी चाहिए। राजेश शर्मा ने अपने विचार रखते हुए कहा कि आज जब विश्व पर्यावरण संकट से जूझ रहा है तब देश की युवा शक्ति को वृक्षारोपण जैसे अभियानों में आगे आना चाहिए। यह अभियान केवल पौधे लगाने तक सीमित न रहकर, उन्हें संरक्षित करने का भी संकल्प होना चाहिए। इस अवसर पर कार्यालय अधीक्षक कुलदीप सिंह, वर्ग अनुदेशकगण महेश चंद्र, अशोक कुमार, राकेश कुमार, अनुदेशिका आरती, सीमा रानी, अंजू बाला, तथा अनुदेशक सतीश सैनी आदि मौजूद रहे।

# स्पॉसरशिप योजना के तहत गरीब बच्चों को मिलेगा शिक्षा का लाभ

**त्रैमासिक आधार पर कार्यालय द्वारा शिक्षा का फॉलोअप लिया जाएगा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

जिला बाल संरक्षण अधिकारी ममता रानी ने बताया कि महिला एवं बाल विकास द्वारा कई योजनाएं क्रियान्वित की हुई है। इसका पात्र व्यक्ति नियमों को पूरा करके उसका लाभ उठा सकते हैं। इसी कड़ी में स्पांसरशिप योजना के तहत शिक्षा को सुचारू रूप से चलाने हेतु बच्चे इस योजना का लाभ ले सकेंगे । इस योजना के तहत निर्धारित मापदंड है जिसमें (18 वर्ष से कम आयु के) अनाथ बच्चे या एकल अभिभावक बच्चे (केवल बच्चे /बच्चों की पालन पोषणकर्ता मां जो- विधवा, तलाकशुदा , परिवार द्वारा परित्यक्त हो), गंभीर बीमारी से पीड़ित अभिभावक, आर्थिक रूप से कमजोर- जो बच्चे का पालन पोषण करने में सही तरीके से सक्षम न हो व शारीरिक - मानसिक रूप से दिव्यांग अभिभावक, एचआईवी/एड्स पॉजिटिव या अन्य गंभीर बीमारी से पीड़ित बच्चे या किसी भी प्रकार से दिव्यांग बच्चे, किशोर न्याय अधिनियम के अनुरूप बाल देखभाल व संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चे व पीम केयर योजना के लाभार्थी बच्चे। योजना हेतु पारिवारिक आय का मापदंड इस प्रकार से है अधिकतम 72000 रुपए वार्षिक आय ग्रामीण क्षेत्र में व अधिकतम 96000 रुपये वार्षिक आय अन्य क्षेत्र में योजना के अंतर्गत बच्चे को 4000 रुपये मासिक का लाभ, योजना हेतु स्पांसरशिप एंड फोस्टर केयर अप्रूवल कमेटी का निर्णय अंतिम होगा। योजना का लाभ सभी मानदंडों को पूरा करने के बाद ही प्राप्त होगा और योजना अनुरूप ही अप्रूवल कमेटी के निर्णय अनुसार जारी रहेगा, योजना को जारी रखने हेतु बच्चें का निरंतर स्कूल जाना अनिवार्य है। त्रैमासिक आधार पर कार्यालय द्वारा शिक्षा का फॉलोअप लिया जाएगा, स्कूल से निरंतर अनुपस्थित होने पर योजना का लाभ बंद कर दिया जाएगा। योजना का लाभ, अभिभावक- संरक्षक द्वारा बच्चे की शिक्षा, स्वास्थ्य, भोजन, आवास, कपड़े व अन्य मूलभूत जरूरतों व अन्य सुविधाओं को पूरा करने पर ही खर्च होना अनिवार्य है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

## नवीन जिन्दल फाउंडेशन ने शिविरों के माध्यम से 113 लोगों को पहुंचाया लाभ



**कुरुक्षेत्र।** सांसद नवीन जिन्दल द्वारा कुरूक्षेत्र संसदीय क्षेत्र के लोगों के लिए नवीन संकल्प शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। सांसद नवीन जिन्दल के कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह ने बताया कि पिपली ब्लॉक के गांव ईशरगढ और रामगढ़ में पहुंच कर नवीन संकल्प शिविरों के माध्यम से 113 लोगों को स्वास्थ्य लाभ पहुंचाया गया व अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई गई। नवीन संकल्प शिविरों में मोबाइल मेडिकल युनिटों में, एमबीबीएस डॉक्टरों द्वारा परामर्श और जांच के बाद निःशुल्क दवाइयां वितरित की जाती है। इस मौके पर रक्त और युरिन के टेस्ट भी किये जाते हैं साथ ही लोगों को पैंशन और नवीन जिन्दल यशस्वी छात्रवृत्ति योजना के बारे में लोगों को लाभान्वित करने का प्रयास किया जाता है। इन नवीन संकल्प शिविरों में लोगों को खान-पान से संबंधित स्वास्थ्यवर्धक आदतों को अपनाने के लिए भी जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इसके साथ-साथ नवीन संकल्प शिविरों में सरकारी सुविधाओं का अधिक से अधिक लाभ कैसे लें और नवीन जिन्दल छात्रवृत्ति योजना का लाभ कैसे उठाएं। यह तमाम तरह की जानकारियां इन नवीन संकल्प शिविरों में दी जाती है।

## डीएलएसए ने सड़क सुरक्षा अभियान को लेकर लगाया शिविर

**कुरुक्षेत्र।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा रोड़ रुलस लाईफ टुलस कैंपेन चलाया गया है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि ट्रैफिक पुलिस के सहयोग से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कमौदा व रेक्रॉस के सहयोग से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय थानेसर में विद्यार्थियों को सडक सुरक्षा नियम, गुड स्मार्टियन लॉ, क्लेम प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि डीएलएसए पीएलवी राजपाल द्वारा सभी को जागरुकता के लिए पंपलेटस भी वितरित किए गए। इस कैंपेन का उद्देश्य है सभी में जागरुकता लाना है ताकि अधिक से अधिक लोगों को ट्रैफिक नियमों के बारे में जागरूक किया।

## मेयर से झींडा ने की मुलाकात



**अंबाला।** हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के अध्यक्ष जगदीश सिंह झींडा बुधवार को नगर निगम में मेयर सैलजा संदीप सचदेवा के कार्यालय में पहुंचे। यहां पहुंचने पर मेयर सैलजा सचदेवा व मनोनीत निगम सदस्य संदीप सचदेवा ने उनका शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया। जगदीश झींडा ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि अंबाला की मेयर सैलजा संदीप सचदेवा का 20 हजार से अधिक वोट से जीतना इस बात को दर्शाता है कि अंबाला के लोगों के बीच उनकी ईमानदार छवि है। लोगों से बातचीत करने पर उन्हें पता लगा कि किस प्रकार अंबाला में थोड़ी सी बारिश में भी पहले जलभराव हो जाता था। इस बार मेयर सैलजा और उनके पति अधिवक्ता संदीप सचदेवा ने शहर की सफाई पर काफी काम किया। जिससे यहां के लोगों को जल भराव की समस्या से काफी राहत पहुंची है।

**जागरूकता** गांवों की पंचायतों ने किया आईटीआई का मुआयना

# आईटीआई : दाखिला अभियान को सफल बनाने का किया वायदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा



अंबाला। कार्यक्रम में उपस्थित पंचायत प्रतिनिधि। फोटो : हरिभूमि

राजकीय आईटीआई मातेश्वरी अहिल्याबाई होल्कर में सत्र 2025-26 के लिए विभिन्न व्यवसायों में दाखिले की प्रक्रिया जारी है। आईटीआई में कुल 236 सीटों के लिए चल रही इस प्रक्रिया के तहत अब तक दूसरे चरण तक 24 विद्यार्थियों का दाखिला हो चुका है। संस्थान में अधिक से अधिक विद्यार्थियों को दाखिला दिलवाने के उद्देश्य से बुधवार को ब्लॉक साहा के 13 गांवों के सरपंच एवं पूर्व सरपंचों ने संस्थान में आयोजित दाखिला जागरूकता अभियान में भाग लिया। संस्थान के प्रधानाचार्य सुरेंद्र कुमार व स्टाफ सदस्यों ने सभी जनप्रतिनिधियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

**ये रहे मौजूद**

इस अभियान में गांव नहौनी की सरपंच राज रानी के पति सुरेश पाल, पूर्व सरपंच अरुण, गांव काकर कुंडा के सरपंच माया राम, गांव हमीदपुर के पूर्व सरपंच जसबीर सिंह, गांव टपरिया के सरपंच अशोक कुमार, गांव कालपी के सरपंच रिंकू, गांव नगला जट्टान के सरपंच तेजिंद्र सिंह, गांव छपरा के सरपंच सुनील कुमार, गांव रामपुर के सरपंच ओमबीर, गांव पपलौथा की सरपंच गुरमीत कौर , गांव खेड़ा की सरपंच रिंकी रानी, गांव रामगढ़ की सरपंच नीरज देवी और गांव टमनौली की सरपंच ममता देवी उपस्थित रही।

**प्रशिक्षण केंद्रों का जायजा लिया**

इस अवसर पर सभी प्रतिनिधियों ने संस्थान का भ्रमण किया और विभिन्न व्यवसायों के प्रशिक्षण केंद्रों का जायजा लिया। प्रशिक्षकों ने उन्हें संबंधित व्यवसायों के अंतर्गत दी जा रही प्रशिक्षण व्यवस्था व प्रशिक्षण उपरांत मिलने वाले रोजगार के अवसरों की जानकारी दी। सरपंचों ने प्रशिक्षण की गुणवत्ता की सराहना करते हुए अपने-अपने गांवों में दाखिला जागरूकता बैठकें आयोजित करने का आश्वासन दिया ताकि अधिक से अधिक ग्रामीण युवाओं को कौशल प्रशिक्षण का लाभ मिल सके।